झारखंड कैबनिट में 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर

चर्चा में क्यों?

11 जुलाई, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबनिट की बैठक में डीवीसी कमांड एरिया में चार ग्रिड सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव पारित करने के साथ ही कुल 35 प्रस्तावों पर सहमति बनी है।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में डीवीसी कमांड एरिया के अंतर्गत संचरण के क्षेत्र में 220/132/33 केवी का ग्रिड सब-स्टेशन बनाने की स्वीकृति मिली है। इसके तहत हज़ारीबाग, गोमिया एवं बलियापुर तथा संबंधित संचरण लाईन के निर्माण के लिये कुल परियोजना लागत 579.35 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य अमीन संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा-शर्त) (संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति के साथ-साथ नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार के गठन और राज्य पर्यटन संवर्धन समिति के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई।
- इनके अलावा अन्य महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव, जिनको सहमति मिली:
  - झारखंड राज्य में 'गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना' को लागू करने के लिये विस्तृत मार्गदर्शिका जारी करने की स्वीकृति मिली।
  - झारखंड राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के लिये सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 को स्वीकृति मिली।
  - राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) अंतर्गत झारखंड राज्य बंदोबस्त कार्यालयाधीन प्रारूपक सेवा संवर्ग (भर्ती प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति मिली।
  - आतंकवादी/उग्रवादी/जातीय हमले में क्षतिग्रस्त चल-अचल संपत्ति के नुकसान के एवज में सामान्य नागरिकों को क्षतिपूर्ति अनुदान की स्वीकृति संबंधी विभागीय संकल्प संख्या-4215 दिनांक 10 जुलाई, 2010 में संशोधन की स्वीकृति मिली।
  - झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन अधिनियम, 2015 के तहत झारखंड पर्यटक व्यापार पंजीकरण नियमावली 2023**(jharkhand tourist trade registration rules, 2023)** की स्वीकृति मिली।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-cabinet-approved-35-proposals